मेरे श्याम तूने ये क्या कर दिया

मेरे श्याम तूने ये क्या कर दिया,
बना तू मेरा न बना मैं तेरा,

मेरे श्याम तूने ये क्या कर दिया,
बना तू मेरा न बना मैं तेरा,

तूने लुटाया मैंने उड़ाया,
किरपा को तेरी समज मैं न पाया,
रिश्ता है क्या श्याम तेरा और मेरा,
बना तू मेरा न बना मैं तेरा,

दुःख गद्दी में सब आंसू बहाते,
मेरी हर ख़ुशी में ये थम नहीं पाते,
करू कैसे श्याम शुकरियाँ मैं तेरा,
बना तू मेरा न बना मैं तेरा,

नजर जो करी मुझपे सब पे ही करना,
धरती का कोई भी कोना बचे न,
कहे हर कोई श्याम है बस मेरा,
बना तू मेरा न बना मैं तेरा,

मेरी गलतियों को कभी भी न गिन न,
चरण रज का हक न हमसे कभी छीन न,
निर्मल मिटा दो ये जन्मो का फेरा,
बना तू मेरा न बना मैं तेरा,

स्वर : संजय मित्तल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/5765/title/mere-shyam-tune-ye-kya-kar-daya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |